कशीदाकारी की झलक मिलती है जैसे लखनऊ, बंगाल, काठियावाड़ी टाँके इत्यादि ।

हिंदी 21/8/21

कक्षा - 7

बसंत

पाठ - 6

पाठ से

प्र०1

उ० रक्त के बहाव को रोकने के लिए सबसे पहले उस स्थान पर कसकर साफ कपड़ा बाँध दें क्योंकि दबाव पड़ने से रक्त का बहाव कम हो जाता है, जल्दी ही उस व्यक्ति को डॉक्टर के पास ले जाना चाहिए ।

प्र०2

उ० भानुमती का पिटारा हिंदी में एक लोकोक्ति है जिसका अर्थ है एक पिटारे में कई तरह की वस्तुएँ।
खून को भानुमती का पिटारा कहा गया है क्योंकि यदि सूक्ष्मदर्शी से खून की एक बूँद को जाँचा जाए तो उसमें लाखों की संख्या में लाल रक्त कण मौजूद मिलेंगे जिसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते। इसके अलावा कुछ सफेद कण, कुछ रंगीन रंगहीन कण होते हैं। तरल भाग प्लाज्मा होता है। रंगहीन कण प्लाज्मा में तैरते रहते हैं। ये शरीर में ऑक्सीजन पहुँचाने से लेकर रोगों से लड़ने तक सभी महत्वपूर्ण कार्य करती है, इन्हीं विविधताओं के कारण खून को भानुमती का पिटारा कहते हैं।

प्र०3

उ० एनीमिया से बचने के लिए हमें पौष्टिक एवं संतुलित आहार का सेवन करना चाहिए। उचित मात्रा में हरी-सब्जियाँ, प्रोटीन, लौह, कार्बोहाइड्रेट और विटामिन मिलते रहे, जिससे शरीर में उचित मात्रा में रक्त व ऊर्जा बनी रहे।

Page No. ___ Date ___

प्र०4
उ० पेट में कीड़े दूषित पानी और खाद्य पदार्थों के सेवन के कारण होते है। इनसे बचने के लिए हमें भोजन से पहले अच्छी तरह से हाथ धोने चाहिए। पानी को ढक कर रखना चाहिए। कुछ कीड़े जमीन की ऊपरि सतह पर भी होते है इसलिए हमें नंगे पैर नहीं घूमना चाहिए।

प्र०5
उ० रक्त के सफेद कणो को वीर सिपाही कहा गया है क्योंकि ये रोगों के किटाणुओं को शरीर में घुसने नहीं देता, जहाँ तक संभव हो सके रोगी ~~के~~ किटाणु की कार्य क्षमता को शिथिल कर उनसे डटकर मुकाबला करते हैं। इस प्रकार वे बहुत से रोगों से सिपाही की तरह रक्षा करते है।

प्र० 6
उ० ब्लड बैंक मेंदानकिए गए रक्त को शुद्ध करके आपातकालीन स्थिति के लिए सुरक्षित रखा जाता है। किसी भी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता पड़े तो उसे संबंधित रक्त-समूह का रक्त ब्लड बैंक से लिया जा सकता है। इससे मरीज का जीवन समय रहते पर बच सकता है।

प्र०7
उ० साँस लेने पर शुद्ध वायु से जो ऑक्सीजन प्राप्त होती है, उसे हर हिस्से में लाल रक्त कण पहुँचाते हैं।

पाठ से आगे

प्र०1
उ० रक्त में ~~हिमो~~ हीमोग्लोबिन के लिए लोहा खनिज की आवश्यकता पड़ती है।

प्र० 2
उ० बिम्बाणु की कमी डेंगू बीमारी में पाई जाती है।